वेबसाइटः www.bankofbaroda.in **ईमेलः** corp.pr@bankofbaroda.com

स्थान**:** मुंबई तारीख: 24.03.2023

प्रेसविज्ञप्ति

बैंक ऑफ बड़ौदा 'गिफ्ट आईएफ़एससी' में स्टार्ट-अप के लिए एक वैकल्पिक गेटवे की सुविधा

गिफ्ट सिटी में बैंक ऑफ बड़ौदा की आईएफ़एससी शाखा स्टार्टअप्स को तीन विदेशी मुद्राओं में लेनदेन-आधारित इंटरनेट बैंकिंग सुविधा देने वाली पहली शाखा है

बैंक ऑफ बड़ौदा भारतीय स्टार्ट-अप्स के लिए विस्तृत रेंज के बैंकिंग समाधान प्रदान करता है

मुंबई, 27 मार्च, 2023: भारत के सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में अग्रणी और भारत के अंतरराष्ट्रीय बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा (बैंक) ने घोषणा की है वह भारतीय स्टार्टअप्स की विशेष जरूरतों को पूरा करने के लिए व्यापक समाधान प्रदान करता है। बैंक की ये सेवाएं गिफ्ट सिटी में इसकी आईएफ़एससी शाखा, भारत में इसके व्यापक नेटवर्क, 16 समर्पित स्टार्टअप शाखाओं और 17 देशों में एक मजबूत अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति के जरिए प्रदान की जाती हैं।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा गिफ्ट सिटी में शुरुआती चरणों में परिचालन स्थापित करने वाले संस्थानों में से एक था। बैंक की आईएफ़एससी बैंकिंग यूनिट स्टार्टअप को स्थानीय स्तर पर विदेशी मुद्रा चालू और बचत खातों जैसे वैश्विक बैंकिंग समाधानों की एक सीरीज के साथ उपलब्ध कराती है; जिसमें विदेशी मुद्रा में सावधि जमा; बाहरी वाणिज्यिक उधार ऋण; व्यापार वित्त सुविधाएं; विदेशी मुद्रा में ऋण/सिंडिकेशन ऋण और लेनदेन आधारित इंटरनेट बैंकिंग सुविधा शामिल हैं। बैंक एनआरई/एफसीएनआर डिपॉजिट पर लोन और आईबीयू में डिपॉजिट पर लोन की पेशकश करता है।

गिफ्ट सिटी में बैंक की आईएफ़एससी बैंकिंग यूनिट के जरिए बैंक तीन प्रमुख विदेशी मुद्राओं यानी यूएस डॉलर, यूरो और ब्रिटिश पाउंड स्टर्लिंग में स्टार्टअप सहित अपने रिटेल और कॉर्पोरेट ग्राहकों को लेनदेन-आधारित इंटरनेट बैंकिंग सुविधा देने वाला पहला और एकमात्र बैंक है। यह सुविधा स्टार्टअप्स को उनके खातों तक 24/7 एक्सेस प्रदान करती है और सुरक्षित तरीके से आसानी से बैंकिंग लेनदेन और निधि अंतरण करने की सुविधा और फ्लेक्सबिलटी प्रदान करती है।

इसके अलावा, बैंक ने भारतीय स्टार्ट-अप की जरूरतों को पूरा करने के लिए एक विशेष कार्यक्रम "बॉब वर्ल्ड स्टार्टअप" शुरूआत की है। बैंक ने विशेष संबंध प्रबंधकों के जरिए व्यक्तिगत सेवाएं प्रदान करने के लिए देश के प्रमुख स्टार्टअप केंद्रों यथा गुरुग्राम, दिल्ली, नोएडा, बेंगलुरु, चेन्नई, मुंबई, जयपुर, अहमदाबाद, पुणे, हैदराबाद, चंडीगढ़, लखनऊ, कोलकाता, इंदौर, कोच्चि और राजकोट में 16 समर्पित स्टार्टअप शाखाएं स्थापित किए हैं।

इस सुविधा के जरिए स्टार्टअप उत्पादों और सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला से चुनने में सक्षम होंगे, जिसमें कस्टमाइज्ड स्टार्टअप चालू खाते, विदेशी मुद्रा सेवाएं, अत्याधुनिक भुगतान गेटवे, प्वाइंट ऑफ सेल सिस्टम, कैश मैनेजमेंट सिस्टम, कॉर्पोरेट क्रेडिट कार्ड और बिजनेस लोन शामिल हैं।

बैंक ने स्टार्ट-अप के लिए आवश्यक गैर-बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने हेतु क्लाउड सेवाओं, एकाउंटिंग और विधिक सेवाओं, मानव संसाधन और पेरोल सेवाओं, मार्केटिंग सेवाओं और मेंटरशिप हेतु प्रमुख सेवा प्रदाताओं के साथ भी करार किया है।

बैंक ऑफ बड़ौदा की पेशकशों की अधिक जानकारी के लिए, स्टार्टअप बैंक से start@bankofbaroda.com पर संपर्क कर सकते हैं।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के बारे में:

20 जुलाई, 1908 को सर महाराजा सयाजीराव गायकवाड़ III द्वारा स्थापित, बैंक ऑफ़ बड़ौदा भारत के प्रमुख वाणिज्यिक बैंकों में से एक है. 63.97% हिस्सेदारी के साथ यह प्रमुख रूप से भारत सरकार के स्वामित्व में है। बैंक पांच महाद्वीपों में 17 देशों में फैले 46,000 से अधिक टचप्वाइंट के माध्यम से 150 मिलियन से अधिक के अपने वैश्विक ग्राहक आधार को सेवाएं प्रदान कर रहा है। अपने अत्याधुनिक डिजिटल बैंकिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से यह सभी बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं को निर्बाध एवं बाधारहित तरीके से उपलब्ध करा रहा है। हाल ही में शुरू किया गया बॉब वर्ल्ड मोबाइल ऐप ग्राहकों को एक ही ऐप के अंतर्गत बचत, निवेश, उधार एवं खरीदारी का अनुभव प्रदान कर रहा है। यह ऐप वीडियो केवाईसी के माध्यम से खाता खोलने की सुविधा उपलब्ध कराकर गैर-ग्राहकों को भी सेवा प्रदान करता है। बैंक का दृष्टिकोण अपने विविध ग्राहक आधार के अनुरूप है तथा यह विश्वास एवं सुरक्षा की भावना पैदा करता है। बैंक उस दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहा है और बॉब वर्ल्ड डिजिटल परिवर्तन की दिशा में इसके रोडमैप का एक प्रमाण है।

- www.bankofbaroda.in पर जाएं।
- फेसबुक https://www.facebook.com/bankofbaroda/
- ट्विटर https://twitter.com/bankofbaroda
- इंस्टाग्राम https://www.instagram.com/officialbankofbaroda/
- यूट्यूब https://www.youtube.com/channel/UCdf14FHPLt7omkE9CmyrVHA
- लिंक्डइन https://www.linkedin.com/company/bankofbaroda/

कृपया अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:

बैंक ऑफ़ बड़ौदा का संपर्क सूत्र: फिरोजा चौकसी | +91 9820363681 | corp.pr@bankofbaroda.com
परफेक्ट रिलेशंस - स्नेहा जोशी | +91 9833004482 | snehaj@perfectrelations.com